राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

प्रेस–नोट

क्रमांक : एफ.6(33) परीक्षा 'क' / प्राध्यापक / (संस्कृत शिक्षा) / 2016–2017 / 3072 दिनांक : 09.02.2021

प्राध्यापक–(संस्कृत शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा–2018 के तहत् विज्ञापित 06 विषयों की विचारित सूची के अभ्यर्थियों की पात्रता जांच हेतु काउंसलिग दिनांक 18.01.2021 से दिनांक 25.01.2021 तक आयोजित की गई। उक्त काउंसलिंग में कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा पूर्ण दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये जाने के कारण उन्हे वांछित दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु 05 दिवस का समय देते हुए पत्र जारी किये गये। तत्पश्चात् दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने वाले अभ्यर्थियों को पुनः 05 दिवस का समय देते हुए पत्र द्वारा सूचित किया गया था। साथ ही यह भी सूचित किया गया था कि निर्धारित समयावधि में वांछित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर आयोग द्वारा आपकी पात्रता निरस्त कर दी जावेगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी आप स्वयं की होगी। परंतु कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा आज दिनांक तक वांछित दस्तावेज प्रस्तुत नही किये गये है, जिससे उनकी पात्रता का निर्धारण नही किया जा सका है।

अतः उक्त भर्ती के सभी विषयों के ऐसे अभ्यर्थी जिनके द्वारा आज दिनांक तक वांछित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये गये है उन्हे दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु अंतिम अवसर देते हुए निर्देशित किया जाता है कि वे दिनांक 15.02.2021 तक वांछित दस्तावेज आवश्यक रूप से आयोग को प्रस्तुत करें अन्यथा वांछित दस्तावेज के अभाव में उनकी पात्रता निरस्त करते हुए, उन्हें मूल परिणाम में शामिल नहीं किया जाएगा। जिसकी जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी। उक्त अभ्यर्थियों की विषयवार, रोल नं. की सूची आयोग की वेबसाईट www.rpsc.rajasthan.gov.in पर जारी की जा रही है।

(शुभम् चौधरी)
सचिव